# राजभाषा प्रकोष्ठ : वार्षिक प्रतिवेदन - 2021-22

- डॉ. मेघा आचार्य, हिंदी अधिकारी

वर्ष 2021-22 में अंतर-विश्वविद्यालय त्वरक केंद्र के राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा केंद्र के प्रशासनिक कामकाज में राजभाषा हिंदी के प्रयोग में वृद्धि करने हेतु निम्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया :

- **हिंदी पखवाड़ा - 2021**

गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा जारी किए गए अनुदेशों के अनुपालन में अंतर-विश्वविद्यालय त्वरक केंद्र के स्टाफ सदस्यों की राजभाषा हिंदी के प्रति रूचि में वृद्धि करवाने के उद्देश्य से दिनांक 14 से 30 सितंबर, 2021 तक "हिंदी पखवाडा" आयोजित किया गया, जिस दौरान हिंदी निबंध लेखन, हिंदी प्रश्नोत्तरी, हिंदी टंकण एवं हिंदी काव्य पाठ इन चार प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। केंद्र के वैज्ञानिकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सभी प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

- **विश्व हिंदी दिवस – 10 जनवरी**

दिनांक 10 जनवरी, 2021 को 'विश्व हिंदी दिवस' के अवसर पर केंद्र में ऑनलाइन माध्यम से एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। केंद्र के माननीय निदेशक डॉ. अविनाश चंद्र पांडेय जी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। डॉ. मेघा आचार्य ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए आभासी मंच पर उपस्थित सभी सम्मानितों का शब्द सुमानों से स्वागत किया। मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के माननीय कुलपति आचार्य रजनीश कुमार शुक्ल जी ने "हिंदी की राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्थिति और महत्व" पर संबोधित किया। निदेशक महोदय के अध्यक्षीय वक्तव्य के पश्चात केंद्र के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी श्री. विश्वंभर दत्त जी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। केंद्र के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ऑनलाइन माध्यम से बड़ी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर कार्यक्रम को सफल बनाया।



आचार्य अविनाश चंद्र पांडेय, निदेशक, अंवित्वकें, नई दिल्ली



आचार्य रजनीश कुमार शुक्ल, कुलपति, मगांअंहिंविवि वर्धा



श्री विश्वंभर दत्त, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी



डॉ. मेघा आचार्य, हिंदी अधिकारी

- **हिंदी कार्यशालाएं 2021-22**

केंद्र के स्टाफ सदस्यों को हिंदी में कार्य करने हेतु प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य दिनांक 23दिसंबर, 2021 को ‘राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन में आने वाली समस्याएं और उनका समाधान’ विषय पर तिमाही कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका संचालन केंद्र की हिंदी अनुवादक डॉ. मेघा आचार्य ने किया। कार्यशाला में  नामित 17 स्टाफ सदस्यों ने सहभागिता की। दिनांक 25 मार्च, 2022 को ‘मानक हिंदी वर्तनी और व्याकरणिक अशुद्धियाँ’ विषय पर तिमाही कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका संचालन श्री. आनंद कुमार सोनी, उप-कुलसचिव, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली ने किया। कार्यशाला में नामित 20 स्टाफ सदस्यों ने सहभागिता की। दिनांक 23 जून, 2022 को ‘हिंदी तकनीकी की नई दिशाएँ’ विषय पर ऑनलाइन माध्यम से हिंदी कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला का संचालन बालेंदु शर्मा दाधीच, निदेशक, स्थानीय भाषाएँ एवं सुगम्यता, माइक्रोसॉफ्ट ने किया। बालेंदु जी ने हिंदी तकनीक का प्रयोग बहुत ही सरलीकृत कर समझाया. लगभग 85 स्टाफ सदस्यों ने इस कार्यशाला का लाभ उठाया। दिनांक 31 अगस्त, 2022 को ‘टिप्पण एवं मसौदा लेखन’ विषय पर हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसका संचालन श्री. विनोद शर्मा, पूर्व सहायक निदेशक (राजभाषा), हिंदी शिक्षण योजना, मुंबई ने किया। केंद्र के स्टाफ सदस्यों ने हिंदी में टिप्पण एवं मसौदा लेखन के बारे में जानकारी प्राप्त की।

- **केंद्र में लागू की गई पुरस्कार योजनाएं**

अंतर-विश्वविद्यालय त्वरक केंद्र के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपना अधिकाधिक कार्य राजभाषा हिंदी में करने और मौलिक रूप से हिंदी में लेखन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ‘हिंदी लेख लेखन प्रोत्साहन योजना’ लागू की गई। इस योजना के अंतर्गत आयोजित ‘हिंदी लेख लेखन प्रतियोगिता’ में कुल 19 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिन्हें हिंदी भाषी और हिंदीतर भाषी ऐसे दो पृथक वर्गों में पुरस्कृत किया गया। साथ ही केंद्र में हिंदी में आंशिक या पूर्णतः काम करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों का मनोबल बढ़े और उन्हें राजभाषा हिंदी में सरकारी कामकाज करने की प्रेरणा और प्रोत्साहन मिल सके इस उद्देश्य से केंद्र सरकार के मंत्रालयों/विभागों/कार्यालयों आदि में सरकारी कामकाज मूल रूप से हिंदी में करने के लिए चलाई जा रही 'मूल हिंदी टिप्पण व आलेखन प्रोत्साहन योजना' को नए वित्तीय वर्ष से लागू करवाया गया है। इस प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रतिवर्ष हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जाएगा।



- **पुरस्कार वितरण समारोह**

हिंदी लेख लेखन प्रतियोगिता और हिंदी पखवाड़ा 2021 के अंतर्गत आयोजित चार प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम गणतंत्र दिवस-2022 के अवसर पर आयोजित किया जाना था, परंतु कोरोना महामारी में सामाजिक दूरी के नियमों का पालन करते हुए इस कार्यक्रम को स्थगित किया गया।

हिंदी पखवाड़ा 2021 के पुरस्कार वितरण में लंबित समय एवं निकट भविष्य में किसी भी प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन की असंभावितता को ध्यान में रखते हुए प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम दिनांक 25 मार्च, 2022 को आयोजित हिंदी कार्यशाला में समायोजित किया गया।

हिंदी लेख लेखन प्रतियोगिता के हिंदी भाषी वर्ग में डॉ. प्रवीण कुमार (प्रथम), श्री. आशीष शर्मा (द्वितीय), सुश्री कुमारी माधुरी (तृतीय), डॉ. पंकज कुमार (प्रोत्साहन), श्री. अंबुज मिश्रा (प्रोत्साहन) को पुरस्कार प्राप्त हुए तथा हिंदीतर भाषी वर्ग में श्री. बप्पा कर्मकार (प्रथम), श्री. अभिजीत सरकार (द्वितीय), श्री. जयदीप कर्मकार (तृतीय), सुश्री रूबी शांति (प्रोत्साहन) श्री. पद्मनाभ पात्र (प्रोत्साहन), सुश्री क्षेत्रीमयुम देवरानी देवी (प्रोत्साहन) को पुरस्कार प्राप्त हुए। हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता में श्री. राजेश निर्दोशी (प्रथम), श्री. आशुतोष पांडे (द्वितीय), श्री. अभिजीत सरकार (तृतीय), श्री. रोहित साहू (प्रोत्साहन), श्री. विजय पटेल (प्रोत्साहन); (2) हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में श्री.आशीष शर्मा-(प्रथम), श्री. देवाशीष सेन-(द्वितीय), सुश्री प्रियंबदा नायक, श्री. बाप्पा कर्मकार एवं श्री. विजय पटेल- (तृतीय संयुक्त); राजेंद्र प्रसाद धस्माना, श्री. चंद्रपाल, श्री. अभिषेक कुमार (प्रोत्साहन संयुक्त) को पुरस्कार प्राप्त हुए। यूनिकोड के माध्यम से हिंदी टंकण प्रतियोगिता में डॉ. इंद्रा सुलानिया (प्रथम), श्री.अशोक कोठारी (द्वितीय), श्रीमती मनविंदर कौर (तृतीय), श्री. गजानन चौधरी (प्रोत्साहन), श्री. अंबुज मिश्रा (प्रोत्साहन) को पुरस्कार प्राप्त हुए। हिंदी काव्य-पाठ प्रतियोगिता में श्री. मोहन निशल (प्रथम), (I) श्री. यदुवंश माथुर और श्री. आशीष शर्मा (द्वितीय संयुक्त), श्री. अंबुज मिश्रा (तृतीय), डॉ. इंद्रा सुलानिया, श्री. अभिजीत सरकार एवं श्रीमती पी.एस.लक्ष्मी (प्रोत्साहन संयुक्त) को पुरस्कार प्राप्त हुए।



- **हिंदी पखवाड़ा-2022 का आयोजन**

अंतर-विश्वविद्यालय त्वरक केंद्र में हिंदी पखवाड़ा 2022 का आयोजन 1 से 14 सितंबर 2022 तक किया गया. पखवाड़े के अंतर्गत हिंदी लेख-लेखन(हिंदी एवं हिंदीतर भाषी वर्ग), टिप्पण एवं मसौदा

लेखन, यूनिकोड के माध्यम से हिंदी टंकण, हिंदी कविता पाठ इन चार प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। केंद्र के स्टाफ सदस्यों ने सभी प्रतियोगिताओं में रुचि दिखाते हुए बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

दिनांक 1 सितंबर को पखवाड़े का उद्घाटन किया गया। पखवाड़े के उद्घाटन के अवसर पर राष्ट्रीय पुस्तक न्यास के सौजन्य से हिंदी पुस्तकों की प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया।

दिनांक 14 सितंबर को हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में केंद्र के निदेशक आचार्य अविनाश चंद्र पांडेय ने कार्यालयीन कामकाज में हिंदी के प्रयोग पर अपनी बात रखते हुए सभी स्टाफ सदस्यों को राजभाषा प्रतिज्ञा दिलवाई। हिंदी दिवस के अवसर पर हिंदी पखवाड़े के दौरान आयोजित कार्यक्रमों की झलकियाँ राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा तैयार की गए एक लघुचित्रपट के माध्यम से प्रदर्शित की गई। पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को इस अवसर पर निदेशक महोदय के हाथों पुरस्कृत किया गया।

- **हिंदी पखवाड़ा-2022 के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं के परिणाम**

**1. हिंदी लेख लेखन प्रतियोगिता का परिणाम**

**हिंदी भाषी वर्ग**

| क्र. | विजेता लेखक के नाम | स्थान |
|---|---|---|
| 1. | श्री. आशीष शर्मा | प्रथम |
| 2. | सुश्री दीक्षा खण्डेलवाल | द्वितीय |
| 3. | श्री. प्रवीण कुमार | तृतीय |
| 4. | श्री.अभिषेक कुमार | प्रोत्साहन |
| 5. | सुश्री डिम्पल गुप्ता | प्रोत्साहन |

**हिंदीतर भाषी वर्ग**

| क्र. | विजेता लेखक के नाम | स्थान |
|---|---|---|
| 1. | श्री. बप्पा कर्मकार | प्रथम |
| 2. | श्री. जयदीप कर्मकार | द्वितीय |
| 3. | श्री. पद्मनाभ पात्र | तृतीय |
| 4. | श्रीमती रूबी शांति | प्रोत्साहन |
| 5. | श्रीमती प्रियंवदा नायक | प्रोत्साहन |

**2. टिप्पण एवं मसौदा लेखन प्रतियोगिता का परिणाम**

| क्र. | विजेता लेखक के नाम | स्थान |
|---|---|---|
| 1. | श्री. रजत यादव | प्रथम |
| 2. | श्री. महेश कुमार मीणा | द्वितीय |
| 3. | श्री. मनीष कुमार | तृतीय |
| 4. | श्री. राजेश निर्दोषी | प्रोत्साहन |
| 5. | श्री. अंबुज मिश्रा | प्रोत्साहन |

### 3. यूनिकोड के माध्यम से हिंदी टंकण प्रतियोगिता का परिणाम

| क्र. | विजेता लेखक के नाम | स्थान |
|---|---|---|
| 1. | श्री. रजत यादव | प्रथम |
| 2. | सुश्री डिम्पल गुप्ता | द्वितीय |
| 3. | श्री. राजेश निर्दोषी | तृतीय |
| 4. | श्री. आशुतोष पाण्डेय | प्रोत्साहन |
| 5. | श्री. अशोक कोठारी | प्रोत्साहन |

### 4. हिंदी काव्य पथ प्रतियोगिता का परिणाम

| क्र. | विजेता लेखक के नाम | स्थान |
|---|---|---|
| 6. | श्रीमती ज्योति पाण्डेय | प्रथम |
| 7. | श्रीमती ऊषा कटारिया | द्वितीय |
| 8. | श्री. आशीष शर्मा | तृतीय |
| 9. | श्री. अभिजीत सरकार | प्रोत्साहन |
| 10. | श्रीमती इंद्रा सुलानिया | प्रोत्साहन |

- **संविधान दिवस**



संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता निर्माण करने के उद्देश्य से राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा संविधान दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 25 नवंबर, 2022 को संविधान पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तर परीक्षा का आयोजन किया जिसमें केंद्र के १५ स्टाफ सदस्यों ने सहभागिता की। राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा कई अन्य महत्वपूर्ण अवसरों पर वर्ष भर कई कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिससे केंद्र के स्टाफ सदस्यों का हिंदी कि ओर रुझान बढ़े।

राजभाषा प्रकोष्ठ हिंदी का प्रयोग, प्रचार और प्रसार बढ़ाने के लिए तथा राजभाषा के संवर्धन के प्रति सदैव उर्जावान और निरंतर प्रयासरत है।